(c) if the answer to part (a) above be in the negative, whether Government propose to set up an Expert Committee for the purpose?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI BANSI LAL): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

(c) No. Sir.

बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव

139. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व रेलवे के बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन का प्लेटफार्म बहुत छोटा है तथा वहां बुनियादी सुख-सुविधाओं जैसे पेय जल, जलपान गृहों का अभाव है हालांकि रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति द्वारा यह स्वीकार कर लिया गया था कि ये सब सुविधाएं वहां उपलब्ध करायी जायें; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) और (ख) बरियारपुर स्टेशन पर लूप लाइन के प्लेटफार्म की लम्बाई और चौड़ाई को वर्तमान यातायात के लिए पर्याप्त समझा गया है । इस प्लेटफार्म पर एक हैंड ट्यूबवेल की व्यवस्था की गयी है और 1986–87 में शामिल करने के लिए एक गहरा नलकूप बनाने का प्रस्ताव किया गया है बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो । इस प्लेटफार्म पर कोई जलपान-स्टाल नहीं है, लेकिन 29–11–84 को मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की बैठक में सहमति होने पर, इस स्टेशन पर नाश्ता आदि बेचने के लिए वेंडिंग ठेका दे दिया गया है ।

दानापुर-हावड़ा फास्ट पैसेंजर ट्रेन

140. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दानापुर-हावड़ा फास्ट पैसेंजर ट्रेन जो डीजल इंजन से चलायी जाती थी अब भाप रेल इंजन से चलायी जा रही है और इसके फलस्वरूप वह विलम्ब से चलती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) 327/328 दानापुर-हावड़ा फास्ट पैसेंजर गाड़ी फिर से भाप कर्षण द्वारा चलायी जाने लगी है क्योंकि 1985–86 में अतिरिक्त माल यातायात की ढुलाई के लिए डीजल इंजनों की जरूरत है । इस गाड़ी का देर से चलने का यह एक मात्र कारण नहीं है, अपितु अन्य कारण भी है, जैसे खतरे की जंजीर खींचना, शरारती गतिविधियां, विस्थापित क्रासिंग और अग्रता, सिगनल की खराबियां, आंधी-पानी, आदि ।

(ख) इस गाड़ी के समय पालन पर कड़ी नजर रखने तथा उसमें सुधार लाने के लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके है ।

Shipping Development Fund Committee

141. SHRI BISWA GOSWAMY:
DR. SHANTI G. PATEL:
SHRI M. S. GURUPADA SWAMY:

Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the functioning of the Shipping Development Fund Committee SDFC has come to a stand still;